कालुपुर भंडेरी पोल में वेराईमाताजी के मंदिर के निकट महाकाली माताजी की मूर्ति घी से बनाई गई है । जो आकर्षण का केन्द्र बना है ।

सरकारी प्राथमिक स्कूलो में समान परीक्षा प्रणाली

कक्षा ३ से ५ के विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र में ही लिखने होंगे उत्तर

सुरत , राज्य सरकार सरकारी प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा की गुणवत्ता जांचने के लिए गुणोत्सव का आयोजन करती है । गुणोत्सव के आंकड़े हर बार चौकाने वाले होते हैं। इस बार के गुणोत्सव में सामने आया कि सरकारी प्राथमिक स्कूलों के ज्यादातर विद्यार्थियों को पढना, लिखना और गनती करना तक नहीं आता है । इसलिए प्राथमिक शिक्षा विभाग ने इसमें सुधार करने का प्रयास शुरु किया। इस प्रयास के तहत अब प्राथमिक शिक्षा विभाग ने राज्य की सभी सरकारी प्राथमिक स्कूलों की परीक्षा एक समान आयोजित करने का निर्णय किया है । परीक्षा का प्रश्नपत्र एक समान होगा। साथ ही परीक्षा भी समय पर ही शुरु होगी । प्राथमिक शिक्षा विभाग ने परीक्षा का समय और परीक्षा के गुणभार की सूचि जारी कर दी है । राज्य के सकारी प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए राज्य प्राथमिक शिक्षा विभाग ने एक समान परीक्षा प्रणाली लागू करने का फैसला किया है। इसके अनुसार राज्य की सभी सरकारी प्राथमिक स्कूलों में एक समान प्रश्नपत्र दिए जाएंगे । जिस तह राज्यभर में बोर्ड की परीक्षा होती है, वैसे ही प्राथमिक स्कूलों में परीक्षा होगी । इसके लिए निरीक्षकों की भी नियुक्ति की जाएगी। कक्षा ३ से ५ के विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र में ही उत्तर लिखने होंगे। एक समान परीक्षा प्रणाली में सरकारी प्राथमिक स्कूल की कक्षा ३ से ५ में पढने वाले विद्यार्थियों को जो प्रश्नपत्र दिया जाएगा उसमे उत्तर लिखने की व्यवस्था होगी। विद्यार्थीयों को प्रश्नपत्र में ही जवाब लिखकर देना होगा। कक्षा ६ से ८ के विद्यार्थियों को जवाब लिखने के लिए अलग से उत्तर पुस्तिका दी जाएगी।

बोर्ड की परीक्षा में नकल को रोकने के लिए निरीक्षकों की नियुक्ति की जाती है। साथ ही अलग शिक्षक से उत्तर पुस्तिका की जांच करवाई जाती है, ताकि कोई पक्षपात नहीं हो और परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे। उसी तरह अब सरकारी प्राथमिक स्कूलो में भी परीक्षा के दौरान अलग स्कूल के शिक्षकों को निरीक्षक का जिम्मा सौपा जाएगा और अलग स्कूल के शिक्षकों को निरीक्षक का जिम्मा सौपा जाएगा और अलग शिक्षक से उत्तर पुस्तिका की जांच करवाई जाएगी। तीन दिनों के अंदर शिक्षक को उत्तर पुस्तिका की जांच करके सौंपनी होगी।

कई ट्रेनों में नो रूम की हालत

नवरात्रि पर जयपुर , उदयपुर और गोवा के लिए लम्बी वेटिंग

अहमदाबाद , गुजरात में पहली बार नवरात्रि पर शैक्षणिक अवकाश घोषित किए जान के कारण सुरत से गोवा, जयपुर, उदयपुर और यूपी-बिहार जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ गई है। नवरात्रि के दौरान १० से १८ अक्टूबर के बीच ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग टिकट मिल रहा है। नियमित चलने वाली ट्रेनों के साथ सासाहिक ट्रेनों में भी लम्बी वेटिंग तथा नो रूम ही हालत है।

दीपावली अवकाश के दौरान सूरत से घूमने जाने वाले लोगों की संख्या अधिक होती है। इस बार दीपावली अवकाश दो हिस्सों में बंट जाने से ज्यादातर लोग नवरात्रि पर घूमने की योजना बना रहे हैं। रेल अधिकारीयों ने बताया कि दस अक्टूबर से १९ अक्टूबर तक रेग्यूलर चलनेवाली गाडिया हाउसफुल चल रही है। सूरत से गोवा, जयपुर, उदयपुर और यूपी-बिहार जाने वाली ट्रेनो में लम्बी वेटिंग तथा नो रूम है । १२९५५ मुंबई सेंट्रल गणगौर एक्सप्रेस के द्वितीय श्रेणी शयनयान में १० अक्टूबर को १३, ११ अक्टूबर को १२, १२ अक्टूबर को ४१, १३ अक्टूबर को १८ और १४ अक्टूबर को १२ वेटिंग है। तृतीय श्रेणी वातानुकूलित शयनयान में क्रमशः ६, २, ९, ११ और ६ वेटिंग मिल रही है । इसी तरह १९७०७ बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर अरावली एक्सप्रेस के द्वितीय श्रेणी शयनयान में १० अक्टूबर को ८२, ११ अक्टूबर को ६९, १२ अक्टूबर को ५४, १३ अक्टूबर को ८८, १४ अक्टूबर को ७६ और १५ अक्टूबर को ८९ वेटिंग मिल रही है।

तृतीय श्रेणी वातानुकूलित शयनयान में क्रमशः १७, १८, १९, २९, १७ और १३ वेटिंग है। १२२१६ बांन्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीबरथ एक्सप्रेस के द्वितीय श्रेणी शयनयान में १० अक्टूबर को १८, १२ अक्टूबर को ५७, १४ अक्टूबर को ३२, १६ अक्टूबर को २५, १७ अक्टूबर को ८ और १९ अक्टूबर को २९ वेटिंग है। १२९३९ पुणे-जयपुर सुपरफास्ट के द्वितीय श्रेणी शयनयान में १० अक्टूबर को ३५, १४ अक्टूबर को ३३ और १७ अक्टूबर को २८ वेटींग है । तृतीय श्रेणी वातानुकूलित शयनयान में क्रमशः १३, १७ १२ तथा द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित शयनयान में क्रमशः ४, ११ और १२ वेटिंग है। १२४९० दादर-बीकानेर सुपरफास्ट के द्वितीय श्रेणी शयनयान में १० अक्टूबर को ३६, १४ अक्टूबर को ४४ और १७ अक्टूबर को २५ वेटिंग है । इसी तरह तृतीय श्रेणी शयनगान में क्रमशः ३६, ४४, २५ तथा द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित शयनयान में १०, ०५ और १४ वेटिंग चल रही है। १४७०८ रणकपुर एक्सप्रेस के द्वितीय श्रेणी शयनयान में १० से १८ अक्टूबर के बीच ५० से ७० के बीच वेटिंग टिकिट मिल रहा है।

युपी-बिहार की गाड़िया दीपावली तक हाउसफुल

अहमदाबाद , दीपावली अवकाश के दौरान यूपी-बिहार की ट्रेनों में सूरत से गांव जाने वालों की संख्या बहुत अधिक होती है। नवरात्रि और दीपावली अवकाश अलग अलग किए जाने से यूपी-बिहार के निवासी गांव जाने को लेकर असमंजस में है । नवरात्रि से दीपावली और उसके आगे १२ दिन के अवकाश तक सभी गाडिया हाउसफुल है । १९०४५ सूरत-छपरा ताप्ती गंगा एक्सप्रेस के द्वितीय श्रेणी शयनयान में १० अक्टूबर को १२०, ११ अक्टूबर को ८९, १२ अक्टूबर को ११४ और १४ अक्टूबर को ११६ वेटींग है। तृतीय सभी श्रेणी में भी दस से बीस तक वेटींग टिकट मिल रहा है। इसी तरह २२९४७ सूरत-भागलपुर एक्सप्रेस के द्तीय श्रेणी शयनयान में १०० से अधिक वेटींग है। १९०६३ उधना-दानापुर एक्सप्रेस में ४० से ७० के बीच वेटिंग है । वलसाड-मुजफ्फरपुर श्रमिक एक्सप्रेस, उधना-वाराणसी उद्योगकर्मी एक्प्रेस, उधना-वाराणसी भोलेनगरी तथा बान्द्रा टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस में भी लम्बी वेटिंग है।

अहमदाबाद शहर में नवरात्री पर्व की रंगत सभी और देख सकते हैं । खेलैया मस्ती में दिख रहे हैं ।

महिंद्रा एग्री सॉल्यूशंस ने जापान की कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित किया

मुंबई, 20.7 बिलियन अमरीकी डालर वाले महिंद्रा समूह के हिस्से महिंद्रा एंड महिंद्रा की एक सहायक कंपनी महिंद्रा एंग्री सॉल्यूशंस लिमिटेड (एमएएसएल) ने आज सुमितोमो कॉर्पोरेशन ग्रुप, जापान के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता नवीनतम फसल संरक्षण प्रौद्योगिकियों तक पहुंच को सुगम बनाने के लिहाज से किया गया है। सुमितोमो कॉर्पोरेशन क्रॉप केयर सहित अनेक उद्योगों में एक वैश्विक खिलाड़ी है। महिंद्रा सुमित एग्रीसाइंस लिमिटेड नामक नई कंपनी वाले संयुक्त उद्यम में सभी लागू अनुमोदन हासिल होने के बाद महिंद्रा और सुमितोमो कॉर्पोरेशन की हिस्सेदारी क्रमशः 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत होगी। दोनों शेयरधारकों की संयुक्त ताकत एमएएसएल के फसल देखभाल व्यवसाय को विकास की नई ऊंचाई तक ले जाएंगे।

यह साझेदारी विशेषज्ञता वाले क्षेत्र में नई पीढी के उत्पादों के लिए राह आसान करेगी, ताकि किसान कीट और कीट से संबंधित चुनौतियों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने में सक्षम हो सकें।

संयुक्त उद्यम से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए महिंद्रा एंग्री सॉल्यूशंस लिमिटेड (एमएएसएल) के एमडी और सीईओ श्री अशोक शर्मा ने कहा, ''हम एक वैश्विक कंपनी सुमितोमो कॉर्पोरेशन ग्रुप के साथ साझेदारी करते हुए खुशी का अनुभव कर रहे हैं। इसके बाद हम फसल संबंधी नुकसान से निपटने के लिए किसानों को विश्व स्तर की टैक्नोलॉजी उपलब्ध करा पाएंगे। यह साझेदारी दोनों कंपनियों के लिए फायदेमंद साबित होगी, क्योंकि कृषि क्षेत्र में महिंद्रा की मौजूदगी और सुमितोमो की विश्व स्तर की विशेषज्ञता को इस साझेदारी के जरिए एक ही प्लेटफॉर्म पर काम करने का अवसर मिलेगा। हमें उम्मीद है कि किसानों को विश्व स्तरीय क्रॉप केयर सॉल्यूशंस प्रदान करते हुए हम उनकी समृद्धि की राह प्रशस्त करेंगे और इस तरह वे अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में कामयाब हो सकेंगे।'' (1)

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, एच-47, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया।
फोन-26568477, 26409779.
E : alpaviram1@yahoo.com

मुख्यमंत्री के दीर्घदृष्टिपूर्ण मार्गदर्शन, भारत सरकार के सहयोग और रॉयल नेवी ऑफ ओमान के प्रयासों का सुखद परिणाम

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी के समयबद्ध दूरदृष्टिपूर्ण मार्गदर्शन, भारत सरकार के त्वरित सहयोग से हाल ही में ओमान के सलाला बन्दरगाह पर लुबान तूफान से गुजरात के ज्यादातर क्रू मेम्बर्स (खलासियों) को सुरक्षित बचाने में सफलता हासिल हुई है।

गत बुधवार को अरब सागर में उठे लुबान चक्रवात ओमान के सलाला बन्दरगाह पर आने के कारण यह पोर्ट बन्द करने का सन्देश मिला था। वहां रहने वाले 8-10 मतस्य बोट के 130 भारतीयों सहित गुजराती क्रू मेम्बर्स (खलासियों), मछुआरों को सुरक्षित स्थल पर पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने भारत सरकार, इंडियन नेवी और गुजरात मेरीटाइम बोर्ड के साथ परामर्श किया था।

इसके कारण ज्यादातर क्रू मेम्बर्स से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें सुरक्षित स्थल पर पहुंचाने का कार्य मेरीटाइम बोर्ड मुम्बई और मांडवी के स्थानीय सम्पर्कों द्वारा शुरु किया गया था।

इसके बावजूद कई गुजराती क्रू मेम्बर्स, खलासियों ने सलाला बन्दरगाह छोड़ने की अनिच्छा व्यक्त की थी। उनकी जान पर कोई जोखिम ना आए, जनहानि का शिकार ना बनना पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री ने भारतीय नौ सेना के सहयोग से रॉयल नेवी ऑफ ओमान को इन क्रू मेम्बर्स को सुरक्षित स्थल पर पहुंचाने को कहा गया था।

इसके अनुसार रॉयल नेवी ऑफ ओमान ने क्रू मेम्बर्स को सलामत स्थल पर पहुंचाने का कार्य हाथ में लिया था।

मुख्यमंत्री की संवेदनापूर्ण दूरदृष्टि और भारत सरकार के समयबद्ध सहयोग तथा रॉयल नेवी ऑफ ओमान के सक्रिय सहयोग के कारण गुजरात के ज्यादातर क्रू मेम्बर्स की जान बचाई जा सकी है। लुबान चक्रवात के असर से वह सुरक्षित निकलकर वह सभी सलामत स्थल पर पहुंच पाए हैं। अन्य क्रू मेम्बर्स- खलासियों को भी सुरक्षित स्थल पर पहुंचाया जा रहा है।

प्रशासनिक अधिकारियों के परिवारजनों के गरबा उत्सव में शरीक हुए सीएम

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी शुक्रवार को आद्यशक्ति की आराधना के पर्व नवरात्रि के अवसर पर राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों के परिवारजनों की ओर से गांधीनगर में आयोजित आईएएस वाइव्ज वेलफेयर एसोसिएशन नवरात्रि गरबा उत्सव में शरीक हुए। उन्होंने मां जगदंबा की भक्तिभाव से आरती की और गरबा नृत्य देखा।

एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव डॉ. जेएन सिंह की पत्नी एवं मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर राज्य के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे।

दुष्कर्म केस की त्वरित ट्रायल के लिए दो फास्ट ट्रेक कोर्ट के जजों की नियुक्ति

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने हाल ही में साबरकांठा में मासूम बच्ची पर तथा सूरत में दो छोटी बच्चियों के साथ हुए दुष्कर्म केस के आरोपियों को कड़ी सजा दिलवाने और पीड़ित परिवारों को शीघ्र न्याय दिलवाने के लिए इन मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रेक कोर्ट में करवाने की प्रतिबद्धता जतायी है।

इन तीनों मामलों के त्वरित ट्रायल के लिए फास्ट ट्रेक कोर्ट के जजों की नियुक्ति कर दी गई है।

राज्य के हाईकोर्ट द्वारा इस सम्बन्ध में जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक साबरकांठा की घटना में फास्ट ट्रेक कोर्ट के जज के तौर पर साबरकांठा जिले के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज श्री केबी. गुजराथी, सूरत के दो मामलों के लिए सूरत जिले के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज श्री आरके. देसाई की नियुक्ति की गई है।

राज्य सरकार दुष्कर्म की शिकार हुई बेटियों के परिवारों के साथ सम्पूर्ण संवेदनशीलता से खड़ी है और अपराधियों को कानून के मुताबिक सख्त सजा दिलवाने और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलवाने के लिए संकल्पबद्ध है।

तैयार हुए सबसे विराट सरदार स्टेच्यू ऑफ यूनिटी

अहमदाबाद , लौहपुरुष सरदार पटेल की दुनिया में सबसी ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ युनिटी बनकर तैयार हैं । विंध्याचल व सतपुडा की पहाडियों के बीच साधुबेट टापू पर बनी दुनिया की सबसे ऊंची १८२ मीटर ऊंची मूर्ति का निर्माण ४२ माह के रिकार्ड समय में हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसका उद्घाटन वे सरदार जयंती पर ३१ अक्टूबर को करेंगे।

नर्मदा नदी की कल कल लहरों के बीच में टापू पर बनी यह प्रतिमा अमरीका की स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी ९० मीटर तथा चीन के स्प्रिग बुद्धा १२८ मीटर से भी बड़ी है। सात मंजिला इमारत के बराबर ऊंची यह प्रतिमा ८५ फीट लंबे पैरों पर खड़ी है तथा इसके होठ की मोटाई भी एक आदमी की लंबाई करीब ६ फीट है । जैकेट के बटन सात मंजिला भवन के बराबर में फैले है। १९ हजार ७०० वर्ग मीटर में फैले इस प्रोजेक्ट के साथ करीब १७ किलोमीटर लंबे तट पर फूलों की घाटी तैयार की गई है जो पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र होगी। पर्यटक लिफ्ट के जरिए सरदार के हृदय तक पहुंच सकेंगे । १५३ मीटर लंबी गैलेरी से एक साथ दो सौ पर्यटक प्रतिमा को निहार सकेंगे।